**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**

पत्रांकः–भवन / समन्वय / वि0प0 / तारांकित–03 / 2024.....9632 (भ)...../

**प्रेषक,**

**शिव रंजन,**
सरकार के उप सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

**सेवा में,**

सचिव,
ग्रामीण विकास विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांकः– 26/11/24

**विषयः–** श्री घनश्याम ठाकुर, माननीय स0वि0प0 द्वारा प्रश्नगत तारांकित प्रश्न सं0– 01 / 208 / 62 (मधुबनी जिलान्तर्गत प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय–सह–आवासीय भवन के निर्माण कार्य) के संबंध में।

**प्रसंगः–** बिहार विधान परिषद् सचिवालय का पत्रांक–01 / 208 / 62 दिनांक–29.10.2024 एवं मुख्य अभियंता (उत्तर) का पत्रांक–5982(अनु0) दिनांक–21.11.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों की छायाप्रति संलग्न करते हुए कहना है कि श्री घनश्याम ठाकुर, माननीय स0वि0प0 द्वारा प्रश्नगत तारांकित प्रश्न सं0– 01 / 208 / 62 जो मधुबनी जिलान्तर्गत प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय–सह–आवासीय भवन के निर्माण कार्य से संबंधित है, का संबंध आपके क्षेत्रान्तर्गत है।

अतः अनुरोध है कि उक्त प्रश्न का उत्तर प्रतिवेदन परिषद् सचिवालय को उपलब्ध कराते हुए कृत कार्रवाई से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने की कृपा की जाय।

इस आशय की सूचना विधान परिषद् सचिवालय को भी दी जा रही है।

**अनुलग्नकः– यथोक्त।**

विश्वासभाजन

26/11

**(शिव रंजन)**
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांकः– 9632 (भ)                                        पटना, दिनांकः– 26/11/24

प्रतिलिपिः– उप सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–01 / 208 / 62 के आलोक में अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

**अनुलग्नकः– यथोक्त।**

26/11

सरकार के उप सचिव।

E:\Samanvay 2022-24\Bidhan parished 2022-24\Bidhan parished letter 2022-24.docx. 251

(1)

बिहार विधान परिषद् प्रश्न
Bihar Legislative Council
208 Winter Session

## STARRED QUESTION

**Starred D. No.**
1/208/62

**Received Date**
29/10/2024

**Notice of Admission sent on:**
11/11/2024

**Sent Date to Department**
11/11/2024

| | |
|---|---|
| Subject: | जर्जर भवन का निर्माण |
| Member | Mr. Ghanshyam Thakur(Nominated) |
| Department | Building Construction |

क्या मंत्री, Building Construction Department विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी प्रखण्ड के अंचल कार्यालय एवं कर्मचारियों का आवासीय भवन अत्यंत जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त भवन जर्जर रहने के कारण कभी भी दुर्घटना घटित होने की संभावना है, जिससे यहां पर पदस्थापित कर्मचारियों में भय व्याप्त रहता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेनीपट्टी प्रखण्ड अन्तर्गत अंचल कार्यालय एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय जर्जर भवन का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

---

यह एक इलेक्ट्रॉनिक रूप से उत्पन्न पीडीएफ है, इसमें हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है

अवर सचिव (समन्वय)

19/11/24

19.11.24

(04)

**मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय**

**<u>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।</u>**

**पत्रांकः–भ0उ0वि0/वि0प0(तारांकित)–06/2024** 5982 अ0 पटना, दिनांकः–21/11/2024

प्रेषक,

**ई0 तारणी दास,**

मुख्य अभियंता(उत्तर)।

सेवा में,

**उप सचिव(प्रभारी समन्वय),**

भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

**विषयः–** श्री घनश्याम ठाकुर, मा0 स0वि0प0 द्वारा पुछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं0–01/208/62 के संबंध में।

**प्रसंगः–** कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधुबनी का पत्रांक–2067 दिनांक–20.11.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में प्रश्नोत्तर सामग्री निम्नांकित हैः–

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| (क) | क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी प्रखंड के अंचल कार्यालय एवं कर्मचारियों का आवासीय भवन अत्यंत जर्जर है। | स्वीकारात्मक है। उक्त भवन प्रमंडल, मधुबनी के कुर्सी क्षेत्रफल में नहीं है। |
| (ख) | क्या सही है कि उक्त भवन जर्जर रहने के कारण कभी भी दुर्घटना घटित होने की संभावना है, जिससे यहां पर पदस्थापित कर्मचारियों में भयव्याप्त रहता है। | भवन लगभग 35 से 40 साल पुराना है एवं भौतिक दृष्टि से भवन जर्जर प्रतीत होता है। |
| (ग) | यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बेनीपट्टी प्रखंड अन्तर्गत अंचल कार्यालय एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय जर्जर भवन का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक ? | हाँ<br>ग्रामीण विकास विभाग से स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात निर्माण कार्य कराया जायेगा। |

सुलभ प्रसंग हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधुबनी का पत्रांक–2067 दिनांक–20.11.2024 की छायाप्रति अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु संलग्न की जा रही है।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

21/11/2024

(तारणी दास)

मुख्य अभियंता (उत्तर)।

# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, मधुबनी।

मधुबनी

बिहार सरकार

E-mail:-ee.madhubani.bcdn@gmail.com

पत्रांक 2067/भ0नि0वि0, भ0प्र0,

प्रेषक,

ई0 विजय कुमार,
कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल, मधुबनी।

सेवा में ,

मुख्य अभियंता (उत्तर),
भवन निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

*मधुबनी, दिनांक 20 वीं नवम्बर 2024 ई0।*

**विषय :–** **श्री घनश्याम ठाकुर, माननीय स0वि0स0 द्वारा पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं0 01/208/62 के संबंध में।**

**प्रसंग :–** **भवदीय पत्रांक – भ0उ0वि0/वि0प0(तारां0)–06/2024 5946 अनु0 पटना, दिनांक 19.11.2024**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि श्री घनश्याम ठाकुर, माननीय स0वि0प0 द्वारा पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं0–01/208/62 द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न का उत्तर निम्नप्रकार है :–

| क्र0 | प्रश्न | | उत्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 |
| (क) | क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी प्रखंड के अंचल कार्यालय एवं कर्मचारियों का आवासीय भवन अत्यंत जर्जर है। | :– | स्वीकारात्मक है। उक्त भवन भवन प्रमंडल, मधुबनी के कुर्सी क्षेत्रफल में नहीं है। |
| (ख) | क्या यही सही है कि उक्त भवन जर्जर रहने के कारण कभी भी दुर्घटना घटित होने की संभावना है, जिससे यहाँ पर पदस्थापित कर्मचारियों में भयव्याप्त रहता है। | :– | भवन लगभग 35 से 40 साल पुराना है एवं भौतिक दृष्टि भवन जर्जर प्रतीत होता है। |
| (ग) | यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बेनीपट्टी प्रखंड अन्तर्गत अंचल कार्यालय एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय जर्जर भवन का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक ? | :– | हाँ |

पूरक सामग्री – ग्रामीण विकास विभाग से स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् निर्माण कार्य कराया जा सकता है।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

विश्वासभाजन

20/11/24

(विजय कुमार)
कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमंडल, मधुबनी।